J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING:07.10.2021

THE TRIBUNE

JC BOSE VARSITY TO HOLD CONVOCATION

Faridabad: JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad will hold its third convocation on October 8, to confer degrees on students who have completed their degrees in 2021. The convocation ceremony will be held at the Shakuntalam hall of the university. Governor of Haryana Bandaru Dattatreya who is also the Chancellor of the university, will preside over the ceremony and distribute degrees, medals and certificates to the students and scholars in the presence of Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar. The convocation ceremony is arranged only for the students who completed their degrees in 2021. However, the degree distribution ceremony for students of other batches of between 2017 and 2020 will be organised shortly as soon as the pandemic subsides and circumstances become normal, he added.

NEWS CLIPPING:07.10.2021

AMAR UJALA

जेसी बोस विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह कल

भारतीय पारंपरिक परिधान होंगे दीक्षांत समारोह का ड्रेस कोड, 44 स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए का तृतीय दीक्षांत समारोह 8 अक्तूबर को होगा। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2021 के दौरान उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएगी।

हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में उपाधि, पदक एवं प्रमाण पत्र वितरित होंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल विशिष्ट अतिथि होंगे।

कुल सचिव डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि इस बार भी पारंपरिक भारतीय वेशभूषा दीक्षांत समारोह के ड्रेस कोड का हिस्सा रहेंगे। दीक्षांत समारोह में पहने जाने वाले काले गाउन तथा टोपी के स्थान पर पारंपरिक भारतीय परिधान पहनने की शुरुआत सर्वप्रथम विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2017 में की गई थी। इसी परंपरा का अनुसरण करते हुए इस बार दीक्षांत समारोह के ड्रेस कोड में छात्र ऑफ-व्हाइट या क्रीम या बेज रंग का कुर्ता-पायजामा या विकल्प के रूप में पैंट-शर्ट पहनेंगे। इसी तरह छात्राएं ऑफ व्हाइट या क्रीम कलर की गोल्डन बॉर्डर वाली साड़ी या विकल्प के रूप में दुपट्टे के साथ ऑफ-व्हाइट सूट पहनेंगी। विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, संकाय सदस्य तथा अतिथि भी इस ड्रेस कोड की अनुपालना करेंगे। उन्होंने बताया कि कोविड महामारी के कारण जारी प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए दीक्षांत समारोह केवल वर्ष 2021 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया है। वर्ष 2021 में डिग्री पूरी करने वाले सभी पात्र 1210 विद्यार्थियों और शोधार्थियों में से 750 से ज्यादा विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने पंजीकरण करवाया है।

इसके अलावा, वर्ष 2017 से 2021 तक विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों डिग्री पूरी करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। समारोह के दौरान 44 स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। पंजीकृत विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने के लिए 7 अक्तूबर को शाकुंतलम सभागार में दोपहर दो बजे पूर्वाभ्यास में हिस्सा लेना अनिवार्य है।

NEWS CLIPPING:07.10.2021

PIONEER

जेसी बोस विवि का तृतीय दीक्षांत समारोह कल

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद का तृतीय दीक्षांत समारोह 8 अक्टूबर को विवि के शाकुंतलम हॉल में किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2021 के दौरान उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। हरियाणा के राज्यपाल एवं विवि के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल विशिष्ट अतिथि होंगे तथा दीक्षांत भाषण देंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल दत्तात्रेय विवि के कुलगीत का विमोचन भी करेंगे। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि पारंपरिक भारतीय वेशभूषा दीक्षांत समारोह के ड्रेस कोड का हिस्सा रहेंगे। विवि के पदाधिकारी, संकाय सदस्य तथा अतिथि भी इस ड्रेस कोड की अनुपालना करेंगे।